**दिनांक 07.08.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of New Hospital Building (G+4) in the campus of Patna High Court कार्य के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति/परिवाद पर विचारार्थ विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-
   सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(पटना),
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाही:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | **Construction of New Hospital Building (G+4) in the campus of Patna High Court.** |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹20,73,67,000.00 (विधि विभाग, बिहार का ज्ञापांक 8879 दिनांक 30.12.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹18,79,63,112.00 (मुख्य अभियंता(नि0), भ0नि0वि0 का पत्रांक 298(नि0)अनु0 दिनांक-09.04.2026) |
| 4. | विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹18,75,25,647.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 31.12.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 18(अठारह)माह |
| 7. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 10.04.2026 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 07.05.2026 |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान | - | दिनांक 23.04.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 22.04.2026 को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | टेन्डर आई0डी0 | - | 128802 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | (I) M/S RAM PRAVESH SINGH ADD-SHATABDI NAGAR,RANCHI,JHARKHAND-834006 **(BCD CLASS 1 REG NO. 1250087 VALIDITY TILL 20.02.2030)** <br> **(II)** M.D. TARIQ ANWAR, ADD-AT KANHAIPUR, PANDARAK, MOKAMA, PATNA, BIHAR-803221 **(BMSICL CLASS 1 REG NO. 103/2022-23 VALIDITY TILL 08.05.2027)** <br> **(III)** MAA VAISHNAVI ENGICON PRIVATE LIMITED .PROP:-PRANESH ADD-BASUDEO SADAN .PLOT NO.52. PC COLONY,IOC ROAD,SIPARA,PATNA-800002 **(BCD CLASS 1 REG NO.1260075 VALIDITY TILL 19.04.2031)** <br> **(IV)** OM PRAKASH SHARMA, KHRAITHA BIKRAM KHURAITHA PATNA BIHAR-801104 **(BCD CLASS 1 REG NO. 1210101 VALIDITY TILL 28.11.2026)** <br> **(V)** M/S MATRISWA CONSTRUCTION PRIVATE LTD ADD-SK VIHAR COLONY BEUR PATNA BIHAR-800002 **(WRD CLASS 1 REG NO.WRD170625CICO24169802 VALIDITY TILL 16.06.2030)** |

(VI) ARVIND (A & S) NIRMAN PRIVATE LIMITED. A SHAKUNTLA ENCLAVE, SAHAZANAND PATH, PATR NAGAR, PATNA-800023
**(BCD CLASS 1 REG NO.1250235 VALIDITY TILL 17.07.2030)**
**(VII)** MK INFRABUILD VENTURES INDIA PRIVATE LIMITED ADD-C/O MANOJ KUMAR, BEHIND LALITA HOTEL, EAST BORING CANAL ROAD.PATNA-800001
**(BCD CLASS 1 REG NO. 1260079 VALIDITY TILL 23.04.2031)**
**(VIII)** ASHOK KUMAR, ADD-PATLIPUTRA SOCIETY,FLAT NO.101, PLOT NO.84 IN FRONT OF NOTRE DAME ACADEMY,PATNA-800013
**(BCD CLASS 1 REG NO. 1240177 VALIDITY TILL 26.11.2029)**
**(IX)** PSI & SMPLIPL (JV) , POST OFFICE GALI, JAMAL ROAD, PATNA-800001
**(X)** GGCSVEPL(JV), 1ST FLOOR , ROOM NO.-5, DANK BANGLA ROAD, CHITRAGUPTA NAGAR, SIWAN, BIHAR-841226

14. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही</u>:-

विषयांकित कार्य की यह पहली निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त दस निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। दसों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के पत्रांक 3058 अनु0 दिनांक 12.05.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक-26.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद हेतु दिनांक-02.06.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर कार्यवाही को रखा गया।

15. <u>प्राप्त आपत्ति/परिवाद. पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही</u>:-

विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर आपत्तिकर्ता निविदाकार M/S MATRISWA CONSTRUCTION PRIVATE LTD ने ईमेल के माध्यम से दिनांक 01.06.2026 द्वारा आपत्ति दर्ज की गयी तथा परिवादी रमेश कुमार, सिवान ने ईमेल के माध्यम से दिनांक 27.05.2026 एवं परिवादी चन्दन कुमार, अधिवक्ता, पटना हाई कोर्ट ने ईमेल के माध्यम से दिनांक 01.06.2026 को परिवाद दर्ज की गयी, जिसपर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत है:-

| प्राप्त आपत्ति/परिवाद की विवरणी | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| आपत्तिकर्ता निविदाकार M/S MATRISWA CONSTRUCTION PRIVATE LTD ने आपत्ति दर्ज की है कि:-<br>With due respect,this is to inform you that the undersigned, Mr.Santosh Kumar, Director of M/S Matriswa Construction Pvt. Ltd., participated in the tender process for the Construction of New Hospital Building (G+4) in the Campus of Patna High Court,Tender ID number 12802, NIT dated 21.12.2025 .<br><br>But, unfortunately my technical bid has been | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने समीक्षोपरांत पाया कि:-<br>निविदाकार M/S MATRISWA CONSTRUCTION PRIVATE LTD द्वारा निविदा में Establishnment of Physical Modeling Center (PMC) at Birpur Undr Bihar Kosi Basin Develoment Project (Package-BKBDP/WRD/HWD/01) कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किया गया है, जिसमें उक्त निविदाकार को Sub-contractor के रूप में दर्शाया गया है। यह अनुभव प्रमाण-पत्र Chevrox Construction Pvt. Ltd. के द्वारा निर्गत है, जो कि एक निजी संस्थान है। |

| | |
|---|---|
| rejected by the Technical Assessment Committee citing that the experience certificate uploaded was not issued/certified by the competent authority. It seems that the committee has not carefully verified the credential duly uploaded as per clause no. 4.5A(b) and 4.5A(c) of SBD or some oversight may have occurred inadvertently.<br><br>It may be noted that the experience certificate was duly certified by The Executive Engineer , Head Work Division, W.R.D. , Birpur, Supaul vide his letter number 189/Birpur dated 24.01.2026, which was appropriately uploaded along with the experience certificate(vide Letter No. 700/Birpur dated 20.01.2026) duly verified and signed by the concern Executive Engineer referred above. We also understand that the necessary verification of the credential uploaded by the Executive Engineer, Head Works Division, W.R.D., Birpur, Supaul has not been done at your end.<br><br>Further, it may please be noted that the bidder with experience of sub-contracted work is also entitled to participate in the bidding process in terms of the SBD clause No: 4.5A(b).<br><br>Thus, the decision to reject our technical bid on the plea that the credential was issued by a private company, is arbitrary and unjustified and has been done in contravention of the relevant clause of the SBD referred above.<br><br>Therefore, you are requested to:<br><br>(a) Re-examine my technical bid.<br><br>(b) The disqualification order be set aside.<br><br>(c) The financial tender process may be postponed till the final decision.<br>Otherwise, I will be forced to take up the matter with the Hon'ble High Court, for which the entire responsibility will be of the department. | निजी कार्य अनुभव के संदर्भ में विभागीय पत्रांक 3284(भ0) दिनांक 05.05.2009 द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्गत है, जिसकी कंडिका-3 के अनुपालन में "कार्य का मूल्यांकन सेवा निवृत कार्यपालक अभियंता से अन्यून स्तर के पदाधिकारी अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक/राष्ट्रीयकृत बीमा निगम/आयकर विभाग द्वारा निबंधित Valuer के द्वारा मूल्यांकित किया गया हेना चाहिए।"<br>निविदाकार M/S MATRISWA CONSTRUCTION PRIVATE LTD द्वारा संलग्न किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र पर उक्त पत्र में वर्णित सक्षम प्राधिकार द्वारा मूल्यांकन नही किया गया है। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय को यथावत रखते हुए निविदाकार M/S MATRISWA CONSTRUCTION PRIVATE LTD को तकनीकी बीड में "नन-रिस्पॉन्सिव" घोषित करने तथा प्राप्त आपत्ति को खारिज करने की अनुशंसा की गयी। |

| | |
|---|---|
| **परिवादी रमेश कुमार, सिवान द्वारा परिवाद दर्ज की है कि:-**<br>संवेदक GGCSVEPL (JV) में Joint Venture Partner GGC - Ganpati Ganesh Construction Siwan के द्वारा निविदा - CONSTRUCTION OF NEW HOSPITAL BUILDING (G+4) IN THE CAMPUS OF PATNA HIGH COURT में अपलोड अनुभव प्रमाण पत्र जिला अभियंता कार्यालय जिला परिषद् सिवान के पत्रांक 708 दिनांक 30.03.2024 निर्गत प्रमाण पत्र जाली है।<br>महोदय उक्त संवेदक GGCSVEPL (JV) में Joint Venture Partner GGC - Ganpati Ganesh Construction Siwan के द्वारा निविदा में अपलोड अनुभव प्रमाण पत्र जिला अभियंता कार्यालय जिला परिषद् सिवान के पत्रांक 708 दिनांक 30.03.2024 द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जाली है जिसका बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बिहार पटना के निविदा में सत्यापन के क्रम में जाली पकड़ा जा चूका है परन्तु आपके द्वारा बिना जाँच के इन्हे सफल किया जाना बहुत ही गंभीर और संवेदनहीन मामला नजर आ रहा है जो जाँच का विषय है क्योकि इन्हे मुख्य अभियंता उत्तर के द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र का बिना जाँच किये ही इन्हे Block Building Uchkagaon आवंटित किया गया है जिसे तत्काल इनका सारा पेपर इन सभी तीनो निविदा में उपयोग किये गए अनुभव प्रमाण पत्र का जाँच किया जाना अति आवश्यक और महत्वपूर्ण है। क्योकि महामहिम हमारे मुख्य अभियंता उत्तर बाहरी किसी भी परिवदा को बिना जांच के अपने मान से सारे निविदा का निष्पादन करने के शौकीन है।<br>अतः श्रीमान से निवदन है की उक्त संवेदक का अनुभव प्रमाण पत्र जाँच कर ही आगे की करवाई की जाये या चाहे तो आप भी महामहिम मुख्य अभियंता उत्तर के तरह परिवाद का बिना जाँच के ही निविदा निष्पादन कर सकते है।<br>इसके लिये मै आपका सदा आभारी रहूँगा। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार GGCSVEPL (JV) में Joint Venture Partne GGC - Ganpati Ganesh Construction Siwan द्वारा निविदा अभिलेख में अपलोड किये गये अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु मुख्य अभियंता(पटना) का पत्रांक 1426(प0)अनु0 दिनांक 01.06.2026 जिला अभियंता, जिला परिषद, सिवान को भेजा गया। दिनांक 02.06.2026 को ईमेल के माध्यम से जिला अभियंता, जिला परिषद, सिवान द्वारा M/s Ganpati Ganesh Construction का अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापित किया गया। अतएव तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत प्राप्त परिवाद को खारिज करने की अनुशंसा की गयी। |
| **परिवादी चन्दन कुमार, अधिवक्ता द्वारा परिवाद दर्ज की है कि:-**<br>उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि विषयांकित निविदा में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल हाई कोर्ट पटना द्वारा निकली गयी थी। जिसकी तकनिकी बिड का मूल्याकन विभागीय निविदा समिति द्वारा पत्रांक 1385 (P) दिनांक 26-05-2026 द्वारा की गयी है । जिसमे संवेदक PSI & SMPLIIPL (JV) द्वारा जाली पेपर अपलोड किया गया है जिसका विवरणी निम्र प्रकार है -<br>1. Joint Venture Agreement का स्टैम्प पेपर की खरीदी दिनांक 04 May 2026 को की गयी है एवं दिनांक 04 May 2026 को ही Joint Venture Agreement भी तैयार किया गया है। जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी सदर पटना के पत्रांक 5628 दिनांक 02 May 2026 को Joint Venture Agreement को सत्यापित की गयी है। जब दिनांक 04 May 2026 को स्टैम्प पेपर खरीदी गयी है तो दिनांक 02 May 2026 को कार्यपालक दंडाधिकारी सदर पटना द्वारा कैसे सत्यापित कि जा सकती है। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा Joint Venture Agreement जो अपलोड किया गया है वो जाली है।<br>2. Joint Venture Agreement का Power of Attorney का स्टैम्प पेपर की खरीदी वो भी दिनांक 04 May 2026 को की गयी है। एवं उसपे भी Power of Attorney का सत्यापन कार्यपालक दंडाधिकारी सदर पटना के पत्रांक 5629 दिनांक 02 May 2026 को की गयी है। जब दिनांक 04 May 2026 को स्टैम्प पेपर | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार PSI & SMPLIIPL (JV) के तकनीकी बीड में अपलोड किये गये अभिलेखों के अवलोकनोपरांत पाया कि:-<br>Joint Venture Agreement, Power of Attorney एवं शपथ-पत्रों के स्टैम्प पेपर की खरीदी दिनांक 04.05.2026 को की गयी है एवं दिनांक 04.05.2026 को ही Joint Venture Agreement भी तैयार किया गया है। जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी सदर, पटना द्वारा क्रमशः ओथ संख्या-5628, 5629, 5630 एवं 5631 दिनांक 02.05.2026 द्वारा सभी का सत्यापित किया गया है। इसकी जाँच हेतु विधि पदाधिकारी के मंतव्य के आलोक में कार्यपालक दंडाधिकारी सदर, पटना को मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 1549(प0)अनु0 दिनांक 12.06.2026 एवं स्मार पत्रांक 1699(प0)अनु0 दिनांक 24.06.2026 द्वारा उक्त अभिलेखों की सत्यता एवं वैधता हेतु |

| | |
|---|---|
| खरीदी गयी है तो दिनांक 02 May 2026 को कार्यपालक दंडाधिकारी सदर पटना द्वारा कैसे सत्यापित कि जा सकती है। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा Power of Attorney का शपथ पत्र जो अपलोड किया गया है वो जाली है।<br>3. शपथ पत्र का स्टैम्प पेपर की खरीदी वो भी दिनांक 04 May 2026 को की गयी है। एवं उसपे भी शपथ पत्र का सत्यापन कार्यपालक दंडाधिकारी सदर पटना के पत्रांक 5630 दिनांक 02 May 2026 को की गयी है। जब दिनांक 04 May 2026 को स्टैम्प पेपर खरीदी गयी है तो दिनांक 02 May 2026 को कार्यपालक दंडाधिकारी सदर पटना द्वारा कैसे सत्यापित कि जा सकती है। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा शपथ पत्र जो अपलोड किया गया है वो जाली है। | प्रतिवेदन की मांग की गयी जो आदिनांक अप्राप्त है।<br>मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 1939(प0) अनु0 दिनांक 16.07.2026 के द्वारा निविदाकार PSI & SMPLIIPL (JV) से अपना पक्ष रखने हेतु पत्र दिया गया जिसके आलोक में ईमेल के माध्यम से दिनांक 23.07.2026 को शपथ पत्रों के सत्यापन हेतु प्रतिवेदित किया गया है कि दस्तावेजों को तैयार करने में मानवीय/Clerical Error हुयी है, जिसके कारण स्टाम्प पेपर खरीदने की तारीख एवं शपथ-पत्र के नोटरी/सत्यापन की तारीख में अंतर आया है। संवेदक द्वारा अनुरोध किया गया है कि यदि आवश्यकता हो तो नया संशोधित शपथ-पत्र उपलब्ध करा दी जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इनके पक्ष को खारिज करने की अनुशंसा की गयी। |
| 4. इनके JV पार्टनर SMPL Infra (India) Pvt. Ltd. के द्वारा समर्पित प्राइवेट भवन का अनुभव प्रमाण पत्र दिया गया है वह जाली प्रतीत होता है क्योकि Construction of Commercial Complex of SMPL Mega Store G+5 Building (Including Electrical Work & Fire Fighting System) at West Patel Nagar Patna for the Year 2022-23 का दिया गया है इस तरह का कोई भी भवन वहा पर नहीं है अनुभव प्रमाण पत्र भी जो निर्गत है वह Valuer के द्वारा निर्गतं है जिसमे किसी तरह का पत्रांक, दिनांक अंकित नहीं है की कब निर्गत की गयी है जिससे स्वतः स्पष्ट है कि यह अनुभव प्रमाण पत्र जाली तैयार की गयी। इनके द्वारा SMPL Mega Store भवन नहीं बनाया गया है।<br>5. नियमतः प्राइवेट भवन का अनुभव प्रमाण पत्र सम्बंधित बिल्डर द्वारा उनके अपने लेटर पैड पर निर्गत किया जाता है जिसका सत्यापन Valuer या सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता द्वारा की जाती है जबकि इनके द्वारा अपलोड किया गया अनुभव प्रमाण पत्र Valuer के द्वारा ही निर्गत किया गया है जो मान्य नहीं है। फिर भी इनको इतना त्रुटियों के बावजूद भी सारी बातो को अनदेखा करते हुये इनको निविदा में सफल घोषित किया गया है जो जाँच का विषय है। एवं इनके द्वारा True & Correct शपथ पत्र का अवहेलना है।<br>अतः अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों के जांचोपरांत ही निवदा की वित्तीय बिड की करवाई की जाये। | JV पार्टनर SMPL Infra (India) Pvt. Ltd. के द्वारा अपलोड किये गये प्राइवेट भवन का अनुभव प्रमाण-पत्र Construction of Commercial Complex of SMPL Mega Store G+5 Building (Including Electrical Work & Fire Fighting System) at West Patel Nagar Patna for the Year 2022-23 कार्य का सत्यापन Govt. & Regd. Valuer, Er. Upendra Kishore द्वारा किया गया है। इस क्रम में दिनांक 26.05.2026 एवं 01.06.2026 को ईमेल के माध्यम से अनुभव प्रमाण-पत्र के सत्यापन हेतु भेजी गयी, जिसके आलोक में दिनांक 02.06.2026 को ईमेल के माध्यम से ही सत्यापित किया गया। मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 1445(प0) दिनांक 03.06.2026 द्वारा सत्यापित किये गये भवन के संबंध में वांछित बिन्दुओं पर प्रतिवेदन की मांग Govt. & Regd. Valuer, Er. Upendra Kishore से की गयी एवं स्मार पत्रांक-1510 दिनांक 10.06.2026, स्मार पत्रांक-1698 दिनांक 24.06.2026 द्वारा पुनः उक्त बिन्दुओं पर प्रतिवेदन की मांग की गयी जो आदिनांक अप्राप्त है।<br>इस प्रकार तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार PSI & SMPLIIPL (JV) के पक्ष को खारिज करते हुए तकनीकी बीड में ***"नन-रिस्पॉन्सिव"*** घोषित करने की अनुशंसा की गयी। |

16. <u>दिनांक 28.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार **M/S MATRISWA CONSTRUCTION PRIVATE LTD** से प्राप्त आपत्ति एवं परिवादी रमेश कुमार, सिवान द्वारा प्राप्त परिवाद को खारिज किया गया तथा परिवादी चन्दन कुमार, अधिवक्ता के द्वारा प्राप्त परिवाद को सही पाते हुए निविदाकार **PSI & SMPLIIPL (JV)** को तकनीकी बीड में <u>''नन-रिस्पॉन्सिव''</u> घोषित करने की अनुशंसा की गयी तथा शेष सफल निविदाकारः-

(i) **M.D. TARIQ ANWAR, ADD-AT KANHAIPUR, PANDARAK, MOKAMA, PATNA, BIHAR-803221**

(ii) **MAA VAISHNAVI ENGICON PRIVATE LIMITED ,PROP:-PRANESH ADD-BASUDEO SADAN, PLOT NO.52, PC COLONY, IOC ROAD, SIPARA, PATNA-800002**

(iii) **OM PRAKASH SHARMA, KHRAITHA BIKRAM KHURAITHA PATNA BIHAR-801104**

(iv) **ARVIND (A & S) NIRMAN PRIVATE LIMITED. ADD-SHAKUNTLA ENCLAVE, SAHAZANAND PATH, PATEL NAGAR, PATNA-800023**

(v) **MK INFRABUILD VENTURES INDIA PRIVATE LIMITED ADD-C/O MANOJ KUMAR, BEHIND LALITA HOTEL, EAST BORING CANAL ROAD,PATNA-800001**

(vi) **GGCSVEPL(JV), 1ST FLOOR, ROOM NO.-5, DANK BANGLA ROAD, CHITRAGUPTA NAGAR, SIWAN, BIHAR-841226** का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

17. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

दिनांक 28.07.2026 को सम्पन्न विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7/8/26 | 07/8/2026 | 7.8.26 | 7/8/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (ब्रजेश कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (प्रणव कुमार) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना | मुख्य अभियंता(पटना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-12/2025 - 2172 (प) पटना, दिनांक- 07.08.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/8/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।